दैनिक भास्कर

मैनपुरी में नकली कैस्ट्रॉल मोबिल ऑयल फैक्ट्री का खुलासा:कंपनी की टीम और पुलिस की छापेमारी में नकली सामान बरामद, संचालक फरार

मैनपुरी कोतवाली क्षेत्र के रामबाग मोहल्ले में एक घर में चल रहे नकली कैस्ट्रॉल मोबिल ऑयल के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। कंपनी की टीम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में यहां से बड़ी मात्रा में नकली सामान बरामद किया है।

कैस्ट्रॉल कंपनी के मैनेजर रवि सिंह को क्षेत्र में नकली मोबिल ऑयल की बिक्री की सूचना मिल रही थी। कंपनी की सेल में भी गिरावट देखी जा रही थी। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद उन्होंने जिलाधिकारी को सूचित किया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार हरेंद्र कर्दम और कोतवाली के एसआई राजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। छापेमारी में ड्रमों में भरा लूज मोबिल ऑयल, कैस्ट्रॉल कंपनी के नकली स्टीकर, ढक्कन और तेल निकालने की मशीन बरामद हुई। फैक्ट्री संचालक छापेमारी की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। मैनेजर रवि सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार संचालक की तलाश में जुटी है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/mainpuri/news/fake-castrol-mobil-oil-factory-exposed-in-mainpuri-134582951.html